Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide employment to people of Satna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh whose land had been acquired for Lalitpur - Singrauli railway line project-laid.

श्री गणेश सिंह (सतना): संयुक्त निर्देशक स्थापना (एन)-II रेलवे बोर्ड नई दिल्ली के पत्र क्रं0 सं.ई.(एन.जी.) II/2010/आर सी-5/1 रेलवे भारत सरकार के पत्र में ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन परियोजना में प्रभावित किसानों के आश्रितों को नौकरी दिये जाने के स्पष्ट निर्देश थे।

इस आदेश के तहत कुछ आश्रितों को जिनकी जमीन का एवार्ड 11 नवम्बर 2019 के पहले हुआ था, उनमें से कुछ लोगों को नौकरी दे दी गई, किन्तु मेरे लोकसभा क्षेत्र के रीवा से सतना, नागौद, देवेन्द्रनगर तक के रेल खण्ड के प्रभावित किसानों के आश्रितों को नौकरी फार्म जमा कराने के बाद भी नही दी जा रही है, यह दोहरा कानून क्यों कुछ मामलो में हाईकोर्ट जबलपुर ने भी निर्णय दिया है।

मै भारत सरकार से मांग करता हूँ कि सतरी कोठार, हिनौता, मनकहरी, बम्हौरी, बठिया, खारी, बिरहुली, सकरिया तथा कैमा से नागौद, देवेन्द्रनगर तक के प्रभावित गांवों के किसानों के आश्रितों को नौकरी दी जाय, ताकि भेदभाव रोका जा सके।